ence has drawn attention to the continuing rise in the prices of food articles particularly of foograins in recent years. Government is fully alive to the problem and has taken measures to increase in production and supply of essential commodities, specially of foodgrains, to keep their prices under check. These measures are bearing fruit and with the recovery of production from the setback of the drought of 1987-88 and its spill over effects during 1988-89, the prices of foodgrains including wheat and pulses have begun to exhibit a declining trend.

स्वर्णभूषणों का निर्यात और स्वर्ण नियंत्रण के अधिनियम के उपबन्धों का उदार बनाया जाना

438. **श्री मीर्जा इरशादबेग :** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान समय में विदेशों में स्वर्णभूषणों तथा इनके निर्यात को बढ़ाने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाए जाने हैं ;

(ख) स्वर्ण नियंत्रण, अधिनियम के उपबंधों को उदार बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और इस संबंध में नियुक्त की गई समितियों की सिफारिशों को कब तक कार्यान्वित कर दिया जाएगा; और

(ग) इस संबंध में सरकार की नीति क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राजस्व विभाग में राज्य मंत्री (श्री अजीत पांजा) : (क) पिछले कुछ वर्षों के दौरान स्वर्ण आभूषणों का निर्यात निमनानुसार रहा है:—

वर्ष	निर्यात (करोड़ रु०)
1984–85 . .	88.14
1985–86 . .	101.67
1986–87 . .	89.20
1987–88 . .	86.21
1988–89 . .	163.00

हमारे स्वर्णाभूषणों के लिए मुख्य बाजार संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, इंग्लैंड, दुबई, तथा अमरीका हैं । स्वर्णाभूषणों के निर्यात में 4 वर्षों की स्थिरता के पश्चात् हाल ही में एक विशेष वृद्धि हुई है । किए गए अनेक उपायों/प्रोत्साहनों के कारण इस प्रवृत्ति को और बढ़ावा मिलने की संभावना है । इन उपायों/प्रोत्साहनो में ये भी शामिल हैं, आयात निर्यात नीति को उदार बनाया जाना, निर्यात तथा सीमा शुल्क निकासी संबंधी कार्यविधियों को युक्तियुक्त बनाना, छीजन के मानदण्डों को उदार बनाना, निर्यातकों को हीरों की पुनः पूर्ति संबंधी लाइसेंसों, राज्य द्वारा लगाए गए करों की प्रतिपूर्ति का लाभ देना तथा स्वर्ण (नियंत्रण) अधिनियम, 1968 में संशोधन करना आदि । इसके अतिरिक्त अब स्वर्णाभूषणों का निर्यात उधार पर करने की भी अनुमति भी दे दी गई है । खनिज तथा धातु व्यापार निगम द्वारा सोने के भंडार तथा पूर्ति के लिए एक योजना अधिसूचित कर दी गई हैं । झंडेवालान दिल्ली तथा एस० ई० ई० पी० जैड०, बम्बई में शत-प्रतिशत निर्यातोमुख इकाइयों के काम्पलैक्स चालू कर दिए गए हैं ।

(ख) और (ग) स्वर्ण (नियंत्रण) अधिनियम, के उपबन्धों में ढील देने की मांग पर विचार करने के लिए सरकार ने दो कार्यकारी दलों का गठन किया था । दोनों दलों की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी हैं तथा मंत्रालय में उनकी जांच कर ली गई हैं । स्वर्णाभूषणों के निर्यात को बढ़ाने के लिए समितियों की सभी सिफारिशों को कार्यान्वित कर दिया गया है । ये रिपोर्टें अब-मंत्रियों के एक समूह को सौंप दी गई हैं ।

स्वरोजगार कार्यक्रम के अधीन आवेदन पत्र

439. **श्री मीर्जा इरशाद बेग :** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) शिक्षित बेरोजगारों से स्वरोजगार कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक बैंक